शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ

संत ज़ेवियर कॉलेज, रांची

नए प्रिन्सिपल और वाइस-प्रिन्सिपल का स्वागत

दिनांक: 4-01-2025

4 जनवरी 2025 की सुबह की सुहानी बेला में चिड़ियों की चहचाहट के बीच प्रातः 9.15 बजे हम सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी फादरों के निवास के सामने उपस्थित हुए। मांदर, नगाड़े एवं बांसुरी की धुन में थिरकते हुए हम सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छाते की छाया में नवनियुक्त प्रिंसिपल डा. फा. रोर्बट प्रदीप कुजूर ये.स. एवं वाइस-प्रिंसिपल डा. फा. अजय मिंज को परिघाते हुए कॉलेज प्रांगण में लाये। कालेज की मुख्य बिल्डिंग के मुख्य द्वार में उनका स्वागत हाथ धोकर, स्वागत गीत गाकर, फूल गुच्छा एवं शाल देकर किया गया।

संत जेवियर कालेज शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ की समिति के अध्यक्ष कमल बड़ा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नववर्ष 2025 की ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सहकर्मियों की तरफ से अपने कर्तव्यों में निष्ठावान एवं ईमानदार बने रहने का प्रबंधन को आश्वासन दिया एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नये प्रिन्सिपल और वाइस-प्रिंसिपल के आषीर्वचन के बाद इस यादगार पल का स्मरण करते रहने के लिए समूह फोटो लिया गया।

तत्पष्चात् हम सभी अपने अपने दायित्व का निर्वाह करने के लिए कार्य स्थल की ओर चल पड़े। हम सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए यह यादगार पल रहा।

ONLY FOR
STAFF

GREEN GROVE
&
CREEPERS ZONE
SXC

ST. XAVIER'S COLLEGE,
WAIT TILL
BELL GOES
SCHOLARSHIP
OFFICE
T.C
OFFICE

ST. XAVIER'S COLLEGE

ST. XAVIER'S COLLEGE,
WAIT TILL
BELL GOES
EXAMINATION
DEPTARTMENT
परीक्षा विभाग
SCHOLARSHIP
OFFICE
T.C
OFFICE